गृह मंत्रालय
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

नई दिल्ली
दिनांक 16 अक्टुबर 2015

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की वार्षिक कल्याण प्रदर्शनी का आयोजन

सीआरपीएफ की वार्षिक कल्याण प्रदर्शनी (सीआरपीएफ मेला) का आज माननीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह की पत्नी श्रीमती सावित्री सिंह ने उद्‌घाटन किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजित डोवल की पत्नी श्रीमती अरूणी डोवल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव श्री नृपेन्द्र मिश्रा की पत्नी श्रीमती कुसुम मिश्रा, कावा अध्यक्ष श्रीमती संध्या मिश्र, सीआरपीएफ के महानिदेशक श्री प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ अधिकारी जवान और उनके परिवार उपस्थित थे। तीन दिन के इस मेले में विभिन्न ग्रुप केन्द्रों और सेक्टरों के 32 स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें संबद्ध क्षेत्र के सामान और हाथ से निर्मित वस्तुओं की रियायती दर पर बिक्री की जा रही है।

इस अवसर पर श्रीमती सावित्री सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ के कार्मिक अत्यन्त कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपने फर्ज को हर कुर्बानी देकर निभाना ही अपना धर्म समझते हैं। सीआरपीएफ के जवानों को ज्यादातर समय घर परिवार से दूर रहना पड़ता है, ऐसी स्थिति में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल परिवार कल्याण संस्था, जवानों की पत्नी और बच्चों की उचित देखभाल करने के साथ-साथ इन्हें विभिन्न कला-कौशल सिखाकर उनमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता का संचार कर के महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

अपने स्वागत भाषण में कावा अध्यक्ष श्रीमती संध्या मिश्र ने कहा कि सन् 1995 में सीआरपीएफ परिवार कल्याण संस्था एक लघु संस्था के रूप में असतित्व में आई, जो परिवारों की देखभाल के लिए पूरे देश भर में फैल गई। यह कल्याण संस्था, सेवानिवृत्त कार्मिकों, शहीदों की विधवाओं/आश्रितों, अशक्त बच्चों/कार्मिकों और समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक मजबूत सहायता मंच प्रदान कर रही है। श्रीमती संध्या मिश्रा ने कहा कि हमने समाजिक सेवाएं प्रदान

करने में अपने संकल्प को पूरा किया है साथ–ही–साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर के नेपाल में भी भूकम्प पीड़ितों को राहत सामाग्री पहूँचाई है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नक्सल विरोधी अभियान में अशक्त हुए सिपाही श्री शंकर यावद को मोटर से चलने वाली व्हील चेयर प्रदान की । इसके अलावा श्रीमती सावित्री सिंह ने सर्वोत्तम परिवार कल्याण केन्द्र की ट्रॉफी ग्रुप केन्द्र जालंधर को और रनर्स अप की ट्रॉफी ग्रुप केन्द्र पुणे को प्रदान की। परिवार कल्याण केन्द्र, ग्रुप केन्द्र पुणे की श्रीमती सीमा देवी को सर्वश्रेष्ठ महिला कार्यकर्ता घोषित किया गया, जबकि ग्रुप केन्द्र जालंधर की श्रीमती परमजीत कौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

(बी.सी. खण्डूरी)
जन सम्पर्क अधिकारी